राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

# राज्यपाल को जन्म दिन पर उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए मिली बधाइयां और शुभकामनाएं

## केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आदि ने भी बधाई देते हुए उत्तम स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की

## मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्यपाल श्री बागडे को बधाई दी

## राज्यपाल ने सभी का आभार जताया

जयपुर, 17 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के जन्म दिन पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों, नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिधियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

श्री बागडे को केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी, संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, विधि मंत्री श्री अर्जुनलाल मेघवाल आदि बहुत से मंत्रियों और गणमान्य जनों ने भी बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, लंबी उम्र और मंगलमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल श्री बागडे ने जन्म दिन पर देशभर से मिल रही बधाईयों का आभार जताया है।

-----